सं०सं०:–भवन–03 / स्था०विविध–01 / 2025 ......3844(भ)....... /

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

शिव रंजन,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सचिव,
स्वास्थ्य विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना।

सचिव,
बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना।

प्रबंधक निदेशक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना।

सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित) / सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–27/4/26

विषय :– नवनियुक्त कनीय अभियंताओं (असैनिक / विद्युत / यॉंत्रिक) के योगदान संबंधी अद्यतन सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना के विज्ञापन संख्या–01 / 2019 के तहत चयनित एवं भवन निर्माण विभाग में कनीय अभियंता (असैनिक / विद्युत / यॉंत्रिक) के रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों को विभाग के द्वारा नियुक्त करते हुये विभागीय आदेश संख्या–82, 83 एवं 84 दिनांक–11.03.2025 एवं आदेश संख्या–3512(भ) दिनांक–16.04.2025, आदेश संख्या–5185(भ) दिनांक–06.06.2025, आदेश संख्या–5195 दिनांक–06.06.2025, आदेश संख्या–11186(भ) दिनांक–05.12.2025, आदेश संख्या–212(भ) दिनांक–15.07.2025, आदेश संख्या–02 दिनांक–05.01.2026, आदेश संख्या–287(भ) दिनांक–08.09.2025, आदेश संख्या–3328(भ) दिनांक–07.04.2025 तथा आदेश संख्या–2897(भ) दिनांक–24.03.2026 उनका पदस्थापन / प्रतिनियुक्ति स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना एवं भवन निर्माण विभाग के अधीनस्थ विभिन्न अंचलों / प्रमंडलों में किया गया है।

उक्त पदस्थापन आदेश के अनुपालन में कनीय अभियंताओं के द्वारा दिये गये योगदान से संबंधित अद्यतन सूचना की आवश्यकता है, ताकि जिन कनीय अभियंताओं के द्वारा अबतक अपना योगदान समर्पित नहीं किया गया है, उनके अभ्यर्थिता को रद्द करने पर नियमानुसार निर्णय लिया जा सके।

अतएव निदेशानुसार अनुरोध है कि निम्नांकित सारणी में नवनियुक्त कनीय अभियंता (असैनिक / विद्युत / यॉंत्रिक), जिनके द्वारा अपने पदस्थापन कार्यालय में अबतक योगदान समर्पित नहीं किया गया है, से संबंधित सूचना पत्र प्राप्ति से 03 (तीन) दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, ताकि नियमानुसार अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके।

कृ०पृ०उ०

कनीय अभियंता	कुल पदस्थापित	योगदान करने वालों की कुल संख्या	योगदान नहीं देने वाले कनीय अभियंता की कुल संख्या नाम सहित
असैनिक			
विद्युत			
यॉंत्रिक			

विश्वासभाजन,

(शिव रंजन)
सरकार के संयुक्त सचिव।